दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 03 अंक :- 09 मुरादाबाद, 29 April 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## चुनावी सभा में बोले सीएम योगी- एयर कनेक्टिविटी से जुड़ेगा लखीमपुर, पलिया में बनेगा एयरपोर्ट



लखीमपुर में मतदान की तारीख नजदीक आते ही चुनाव दिलचस्प हो गया है। अभी तक कैडर वोट और जातीय समीकरणों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कोशिश में लगे प्रत्याशियों की लड़ाई में शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की एंट्री हो गई। सीएम योगी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगने आए। निकाय चुनाव में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखीमपुर पहुंचे। शहर के जीआईसी ग्राउंड में उन्होंने जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। सीएम योगी ने भारत माता की जय का नारा लगाकर अपने संबोधन का शुरुआत की। कहा कि छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ की भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में लखीमपुर की जनता ने डबल इंजन की सरकार पर विश्वास किया। इसके लिए सभी मतदाताओं को आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर खीरी को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। यहां की एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे लखीमपुर खीरी से भी दिल्ली और लखनऊ के लिए वायुसेवा उपलब्ध होगी। टूरिस्ट आएंगे, होटल बनेंगे। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### लखीमपुर के विकास के लिए विस्तृत योजना तैयार

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी के विकास के लिए बहुत विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। प्रदेश में अन्न उत्पादन की दृष्टि से देखा जाए तो यहां का किसान प्रदेश देश का पेट भरने का काम करता है। यहां की चीनी मिलों की मिठास देश और दुनिया में पहुंचती है। सपा, कांग्रेस और बसपा विकास कराने में फेल रहीं। विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज लखीमपुर खीरी में क्या नहीं है। अब तो यहां मेडिकल कॉलेज भी है। सीएम योगी से पहले पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने भी जनसभा को संबोधित किया। जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल भी मंच पर मौजूद रहे।

### ये प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में

लखीमपुर नगर पालिका सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी पुष्पा सिंह, भाजपा की बागी निर्दलीय डॉ. इरा श्रीवास्तव, बसपा से अंजू मिश्रा और सपा से रमा मोहन बाजपेई चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की राह में बागी इरा श्रीवास्तव बड़ी चुनौती हैं। भाजपा को अपने वोटर बंटने का खतरा है। वहीं, सपा और बसपा कैडर वोट और जातीय समीकरणों के सहारे चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में साइलेंट वोटर ही निर्णायक है। जबकि, मुस्लिम वोट भी अभी साफ नहीं है कि वह किधर जाएगा। हालांकि, सपा और बसपा दोनों का दावा है कि वह मुस्लिम वोटरों में सेंध लगाएंगे।

## 18 राज्यों में 91 FM ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन; मन की बात के 100वें एपिसोड पर पीएम मोदी ने कही बात



महत्वाकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए इस प्रयास को अंजाम दिया जा रहा है। इसके तहत करीब ऐसे दो करोड़ लोगों तक रेडियो सेवाओं की पहुंच हो सकेगी, जो अभी तक इससे वंचित रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 स्त्रू ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इससे 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों को फायदा मिलेगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से दो दिन पूर्व रेडियो सेवाओं का यह विस्तार किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज ऑल इंडिया रेडियो की स्त्रू सेवा का ये विस्तार ऑल इंडिया स्त्रू बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के 91 स्त्रू ट्रांसमिशन की ये शुरूआत देश के 85 जिलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है।

### मन की बात का किया जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन बाद ही मैं रेडियो पर मन की बात का 100वां एपिसोड करने जा रहा हूं। मन की बात का ये अनुभव, देशवासियों से इस तरह का भावनात्मक जुड़ाव केवल रेडियो से ही संभव था। मैं इसके जरिए देशवासियों के सामर्थ्य से और सामूहिक कर्तव्यशक्ति से जुड़ा रहा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर तकनीक के लोकतंत्रीकरण के लिए काम कर रही है। भारत अपने सामर्थ्य का पूरा इस्तेमाल कर पाए, इसके लिए जरूरी है कि किसी भी भारतीय के पास अवसरों की कमी ना हो। आधुनिक तकनीक तो सभी के लिए उपयोगात्मक और अफोर्डेबल बनाना, इसका एक बड़ा माध्यम है।

### डिजिटल इंडिया ने रेडियो को नए श्रोता भी दिए हैं और नई सोच भी दी है- पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में देश में जो तकनीकी क्रांति हुआ है, उसने रेडियो और विशेषकर स्त्रू को नए अवतार में गढ़ा है। इंटरनेट के कारण रेडियो पिछड़ा नहीं, बल्कि ऑनलाइन स्त्रू और पोडकास्ट के जरिए इनोवेटिव तरीकों से सामने आया है। यानी डिजिटल इंडिया ने रेडियो को नए श्रोता भी दिए हैं और नई सोच भी दी है। उन्होंने कहा कि स्त्रू ट्रांसमिशन से बन रही इस कनेक्टिविटी का एक और आयाम है। देश की सभी भाषाओं और विशेषतौर पर 27 बोलियों वाले इलाकों में इन FM ट्रांसमिशन्स से प्रसारण होगा। इसका मतलब ये कनेक्टिविटी सिर्फ संवाद के साधन को ही आपस में नहीं जोड़ती बल्कि लोगों को भी जोड़ती है।

### सरकार देश में एफएम कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि सरकार देश में एफएम कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। देशभर के 84 जिलों में 100 वाट के 91 नए एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किए गए हैं। एफएम ट्रांसमीटर का विस्तार विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में रेडियो संपर्क बढ़ाने के लिए किया गया है।

### ये राज्य शामिल

बयान में कहा गया है कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।

### दो करोड़ लोगों तक रेडियो सेवाओं की पहुंच हो सकेगी

पीएमओ ने कहा कि आकाशवाणी की एफएम सेवा के इस विस्तार के बाद करीब ऐसे दो करोड़ लोगों तक रेडियो सेवाओं की पहुंच हो सकेगी, जो अभी तक इससे वंचित रहे हैं। साथ ही लगभग 35,000 वर्ग किमी क्षेत्र में एफएम रेडियो कवरेज का विस्तार होगा।

## अतीक-अशरफ की गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया?, शीर्ष कोर्ट का UP सरकार से सवाल



याचिका में पुलिस की मौजूदगी में अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की जांच की मांग से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। याचिका में पुलिस की मौजूदगी में अतीक-अशरफ की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि माफिया भाइयों अतीक और अशरफ को ले जा रही गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया? इस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने घटना टीवी पर देखी है। दोनों को गाड़ी से सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया। उनकी परेड क्यों कराई जा रही थी।

### यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी

जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने झांसी में अहमद के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ पर भी यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी। असद को 13 अप्रैल को यूपी पुलिस की एक विशेष टास्क फोर्स (एसटी) टीम ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। दो दिन बाद अतीक अहमद और अशरफ को मीडियाकर्मी बनकर आए तीन लोगों ने गोली मार दी थी।

### अब मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी

घटना उस वक्त हुई, जब उन्हें पुलिस सुरक्षा के बीच स्वास्थ्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था। शीर्ष कोर्ट के वकील अधिवक्ता विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में 2017 से उत्तर प्रदेश में हुई 183 मुठभेड़ों की जांच की मांग की गई है। अब मामले में तीन हफ्ते बाद सुनवाई होगी। जांच कराने की मांग की थी। अमिताभ ठाकुर ने याचिका में कहा था कि भले ही अतीक अहमद और उसका भाई अपराधी हों मगर जिस तरह से उनकी हत्या हुई, उससे इस घटना के राज्य पोषित होने की पर्याप्त संभावना दिखती है।

## ये मर्डर केस है, सूरज पंचोली के बरी होते ही बोलीं जिया खान की मां, जाएंगी हाई कोर्ट



जिया खान डेथ केस में सीबीआई कोर्ट ने 10 साल बाद अपना फैसला सुना दिया है। राबिया खान के द्वारा कोर्ट में पेश किये गए सबूतों की कमी के कारण अदालत ने सूरज पंचोली को दोषी न ठहराते हुए बरी कर दिया है।एक्टर सूरज पंचोली और उनके परिवार ने जहां इस मामले में राहत की सांस ली, तो वहीं दूसरी तरफ जिया खान की मां राबिया खान ने मीडिया बातचीत में मामले पर आए फैसले पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह अब हाई कोर्ट में इस केस को लेकर जाएंगी और साथ ही उन्होंने इसे एक मर्डर केस बताया।राबिया खान ने सूरज पंचोली के बरी होने के बाद मीडिया से की बात- एक दशक से चल रहे सीबीआई कोर्ट में चल रहे जिया खान डेथ केस का फैसला आने के बाद राबिया खान ने कोर्ट से निकलते हुए मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, 卐मैं सिर्फ एक बात कहना चाहती हूं, आज आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपों को खारिज किया गया है, लेकिन मेरा सवाल ये है कि मेरा बच्चा कैसे मरा? ये एक मर्डर केस है। मैं इसके लिए हाई कोर्ट तक जाऊंगी। आपको बता दें कि 3 जून 2013 को जिया खान को उनके मुंबई स्थित जुहू फ्लैट में मृत पाया गया था, जिसके बाद उनकी मां ने सूरज पंचोली पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें अपनी बेटी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया था।जिया खान के निधन के बाद छानबीन में मिला था सुसाइड नोट- जिया खान के निधन के बाद मामले की छानबीन करते हुए कथित रूप से छह पन्नों का सुसाइड नोट मिला था, इसी के आधार पर ही सूरज पंचोली को गिरफ्तार किया गया था। साल 2013 में उन्हें इस मामले में गिरफ्तार भी किया गया था। आपको बता दें कि जिया खान की मां राबिया खान ने सूरज पंचोली पर बेटी के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें अबॉर्शन के लिए मजबूर करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए थे। रिपोर्ट्स की मानें तो जिया खान और सूरज पंचोली की पहली मुलाकात फेसबुक के जरिये हुई थी। उस समय दोनों ही इंडस्ट्री में नए थे। जिया खान के निधन के बाद उनका जो सुसाइड नोट मिला था उसमें एक्ट्रेस ने बिना किसी का नाम लिए अपना दर्द बयां किया था।

## आसमान में दिखा अद्भुत नजारा: सतरंगी रिंग पहने सूर्य को देखने सड़कों पर उतरे लोग, सोशल मीडिया पर फोटो वायरल



भदोही के विभिन्न इलाकों में सूरज के चारों तरफ बनी रिंग कौतूहल का विषय बना रहा। सतरंगी रिंग पहने सूर्य को देखने के लिए लोग सड़कों पर निकल आए और अपने-अपने मोबाइल में इस नजारे को कैद करते दिखे। वाराणसी में शुक्रवार एक अजीब खगोलीय घटना देखने को मिली है। सूरज के चारों तरफ एक रिंग बना हुआ दिखा। इंद्रधनुष के रंगों वाले इस रिंग को देखकर लोग हैरान हो गए। क्योंकि इससे पहले इस तरह का अद्भुत नजारा कभी देखने को नहीं मिला। सूर्य देव के चारों तरफ बने इस गोले को लेकर लोग तमाम तरह की चर्चा कर रहे हैं। वहीं वैज्ञानिक इस घटना को वाटर हालो कहते हैं। भदोही में भी शुक्रवार की दोपहर आसमान में सूर्य के आसपास एक अनोखा घेरा दिखा। जिसमें सूर्य के घेरे के एक तरफ गुलाबी व दूसरी ओर नीले रंग की आकृति नजर आ रही थी। जिले के विभिन्न इलाकों में सूरज के चारों तरफ बनी रिंग कौतूहल का विषय बना रहा। सतरंगी रिंग पहने सूर्य को देखने के लिए लोग सड़कों पर निकल आए और अपने-अपने मोबाइल में इस नजारे को कैद करते दिखे। जिले में दोपहर 12 बजे के आसपास यह अद्भुत नजारा देखने को मिला। सीधे सूर्य की किरणों के पड़ने के कारण लोगों ने इसे देखने के लिए काले चश्मे का सहारा लिया। लोगों के बीच यह खगोलीय घटना चर्चा का विषय बना रहा। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का कहना था कि सूर्य की चारों ओर सतरंगी गोलाई बारिश होने का परिचायक होता है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी थे जो इसे शुभ और कुछ लोग अशुभ बता रहे थे। पूरे जिले में सूर्य के रिंग वाली फोटो लेकर लोग सोशल मीडिया पर लगाते नजर आएं। वहीं वैज्ञानिक इसे 'हालो' कहते हैं। विज्ञान के अनुसार जब वातावरण में धूल के अतिसूक्ष्म कणों की मात्रा अधिक हो जाती है तो सूरज की किरणों के टकराने पर धूल कण के संपर्क में आने वाली नमी किरणों को बिखरा कर एक इंद्रधनुष का घेरा बनाती है। इसे 'हालो' कहते हैं। अमूमन यह घेरा जमीन से 8 से 10 किमी ऊपर बनता है।

## संपादकीय Editorial

# 'Red terror' till when?

After two years, the Naxalites have managed to launch a major and horrific attack in Chhattisgarh's Dantewada itself. 10 of our jawans and a driver were 'martyred' in the attack. Earlier on April 4, 2021, 22 soldiers were 'martyred' in a Naxalite attack on the border of Bijapur, Sukma district. Dantewada is considered the headquarters of Naxalite activities. The most horrific and tragic attack in history was carried out in Dantewada on April 6, 2010, in which 76 CRPF men were 'martyred'. April and Dantewada have many stories of our misfortune and tragedy recorded in their names.

The confrontation between the Naxalite movement and the security forces has been 'eternal'. Although 'red terrorism' has decreased by about 77 percent in the last 12 years, Naxalism is still present and active in more than 70 districts of the country. This figure is not less. The current attack is also a failure of our strategy, as fake information has been received, hence security forces operations have been carried out. During such operations, our jawans have been falling prey to Naxalite conspiracies.

It is amazing that till date we have not been able to answer the question of laying landmines or planting explosives. These conspiracies have continued. Something similar happened this time too. 'Lead' was received that a big leader of Naxalites is present in Dantewada. The operation was started by squads of about 250 jawans, but despite three days of intensive search, no Naxalites were found, then the District Reserve Guard (DRG) jawans were returning.

At the same time the Naxalites exploded with IED. It is said that more than 40 kg of explosives were used, due to which a 15 feet wide and 7 feet deep pit was created on the main road itself. The explosion was so powerful that the chassis and wheel of the vehicle were lying 50 meters away. The vehicles were completely destroyed and the weapons of the martyred soldiers were mutilated. Strategies to eliminate Naxalism have been being made at the level of the Government of India. Sometimes the idea of sending the army has been there, but the Naxalites make bases in dense forests, where no government officials or security forces have been able to enter during the last 50 years.

Our governments have not been able to even know the geography there, so how is it possible to compete with guerrilla warfare? The issue of surgical strike on Naxalites has also been raised, but in such retaliatory attack innocent people, children, old men and women can also be killed. As a result, it can become a major issue of human rights and political outcry. Then the question is how long will the 'red terrorism' continue? However, on an average 400 Naxalites are surrendering every year. This disclosure has been made by Inspector General of Police of Bastar range P. Sundarraj. In this way, Naxalites are coming into the mainstream and are also proving effective in deciding the strategy against 'Red Terrorism', but the Naxalite movement, which was started with the slogans of providing justice and land to the farmers, today has become 'killer terrorism'. Is. Can't we make an effective strategy for its complete destruction? This challenge is also ahead. We cannot see the plans of Naxalite or Maoist terrorists being fulfilled, because they have no faith in parliamentary democracy. Naxalites are not limited to the jungle only, their economic plans are also comprehensive and anti-national.

# When Janhvi Kapoor called Giraffe a 'bird', Farah Khan was also stunned to hear the answer

Bollywood actress Janhvi Kapoor is counted among the popular star kids of the industry. The actress made her Bollywood debut with Karan Johar's film 'Dhadak'. His opposite actor Ishaan Khattar was also seen in this film. Janhvi has established herself in Bollywood. The actress has been a part of many big films. These days an old video of the actress is becoming increasingly viral on the internet. In this video, Janhvi is seen calling the giraffe a 'bird'. This video going viral is from Farah Khan's show 'Backbenchers'. The actress appeared on the show to promote her film 'Roohi' along with actor Varun Sharma. In the video, Farah is seen asking Janhvi and Varun, "Which bird can rotate its neck 270 degrees?" To which Varun replies "Owl", while Janhvi replies "Giraffe", leaving Farah shocked. As soon as the video went viral, comments started pouring in from all corners. One user said, 'I think she doesn't know the meaning of bird so she got confused and said giraffe', while another said, 'She doesn't understand the Hindi word for bird.' One user also commented, 'Kylie Jenner's pig remembered to say chicken'. Talking about the work front, Janhvi will be seen in Nitesh Tiwari's film 'Bawal'. In this film, the actress will be seen sharing the screen with actor Varun Dhawan for the first time. Apart from this, the actress will also be seen in his film 'Mr and Mrs Mahi' with actor Rajkumar Rao.



# The Mind That Matters: This documentary tells the story of struggle and success against discrimination against women

'Payal Chawla: The Mind That Matters' is a short documentary produced by Ajay Chitnis. The story focuses on discrimination faced by women especially during pregnancy. Payal Chawla is a well-known lawyer of the country. In today's date, the example of his success is given, but his journey was not easy. This struggle of Payal's life has been described in the documentary 'Payal Chawla: The Mind That Matters'.



This documentary has been made by Ajay Chitnis. Renowned model, actress and former Mrs. World Dr. Aditi Govitrikar has played the lead role in it. First let's know about the documentary- 'Payal Chawla: The Mind That Matters' is the story of a woman who faced conspiracy and suffering in equal measure in her life. The story clearly showed how bad people's thinking about women and pregnancy in the country is even today. After her marriage, Payal realized how women face discrimination during pregnancy. Payal had to face discrimination at the workplace. She was kept away from many board meetings just because of her pregnancy. There were many ups and downs in Payal's life, but she never let the fire inside her extinguish and died only after achieving success. This documentary tells the same story of struggle. Payal Chawla is a well-known lawyer - Payal Chawla has studied English literature from St. Stephen's College. She has also done theater and has won many medals in swimming. She has received scholarship from the University of Chicago. After studying law, she returned to India and worked in a multinational company. After quitting his job, he started a law startup called juscontractus. Screening in many film festivals- Ajay Chitnis has so far made more than 70 documentaries on different issues. Currently, Ajay is in limelight for his new documentary Payal Chawla 'The Mind That Matters'. Ajay is the Managing Director of Tapasya Production. Let us tell you that this documentary was very much liked across the country and it is being appreciated a lot. The documentary has been screened at various prestigious business schools, universities and film festivals in Bangalore, Kolkata, Noida and Delhi. Ajay who quit his job and entered the world of production says, 'I have completed my B.Sc. Com, LLB and did Business Management. Whereas, after doing CS, I started working as a company secretary. Actually, my father was in the bank. In such a situation, due to his transfers, I traveled from place to place in the country. Got exposed to different cultures, customs and languages. Especially I lived in Maharashtra, Madhya Pradesh and Karnataka. Throughout this journey, cinema influenced me since childhood. Believe me, I always dreamed of doing something in the world of cinema. Ajay says, 'To fulfill my dream, I left a wonderful job in Mumbai and decided to enter the world of direction-production. The philosophy of my life was that what I learned, there was no need to practice it. At the same time, he could never learn from the things for which he practiced. This video gave recognition - The most important step for Ajay Chitnis was during the year 2000. Actually, during that time I had produced the video 'Dama Dum Mast Qalandar'. In 2013, he started 'Trailblazers', for which 75 episodes were produced. Under this series, personalities like Ram Jethmalani, Trident Group Chairman Rajinder Gupta, Gionee India MD Arvind Vohra, Anna Hazare etc. were told.

## केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीर लेकर घर-घर पहुंच रहे गिरीश गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- विधानसभा चुनाव में अभी भले ही छः महीने का समय शेष है लेकिन अभी से ही विधानसभा के दावेदार केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर प्रत्येक बूथ व घर-घर पहुंच रहे हैं। बता दें कि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश गुप्ता इन दिनों जनता के बीच काफी चर्चित है जिसका कारण भटगांव विधानसभा के हर पोलिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ केंद्र की योजनाओं को लेकर लोगो से लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और जनता, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को मोदी सरकार की तस्वीर भेंट कर रहे है। बरहाल यह माना जाए कि गिरीश गुप्ता इन दिनों न ही भाजपा कार्यकर्ताओं बल्कि जनता के भी चहेते होते जा रहे हैं। नवाचार के माध्यम से उन्होंने समूह की महिलाओं एवं स्वच्छता कर्मियों को



साड़ी का देना हो, बाजार में जाकर जनता को झोला का वितरण, खिलाड़ियों को किट, पूरे विधानसभा में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की बड़ी-बड़ी फ्लेक्सी हुडिंग या फिर जगह-जगह दीवाल लेखन का कार्य कराकर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इसको लेकर क्षेत्र में काफी लोकप्रिय बन चुके हैं आने-वाले चुनाव में एक सशक्त दावेदार के रूप में उभर सकते हैं।घर नल, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सहित सैकड़ों योजनाओं का उल्लेख किया गया है। हर व्यक्ति को केंद्र की संचालित योजनाओं घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प गिरीश गुप्ता ने लिया है। मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच गिना रहे हैं। लगातार क्षेत्र में भ्रमण एवं जनसंपर्क करता हूं। लोगों के कई सारी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का प्रयास करता हूं। पहले जिला पंचायत उपाध्यक्ष होने के नाते पहले क्षेत्र में बहुत सारा कार्य किया हु। जिससे लोगों को काफी फायदा भी हुआ है और पूरे क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का सराहना होता है।

## नशे के कारोबार पर थाना विश्रामपुर पुलिस की कार्यवाही, 42 हजार रूपये कीमत के नशीली इंजेक्शन सहित 1 गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देश पर अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि दशहरा मैदान विश्रामपुर के पास रोहित मिश्रा उर्फ बाटूल निवासी विश्रामपुर अपने पास नशीली मादक पदार्थ इंजेक्शन रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर की पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर रोहित मिश्रा उर्फ बाटूल पिता स्व. माधव मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी झोपड़पट्टी, थाना विश्रामपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 38 नग एविल इंजेक्शन व 46 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन कुल 84 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 42 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित मिश्रा उर्फ बाटूल को विधिवत् गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के.डी.बनर्जी, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अविनाश सिंह, रामनिवास तिवारी, सौरभ सिंह, आरक्षक मनोज शर्मा, उमेश राजवाड़े, जयप्रकाश यादव, खेलसाय, दीपक दुबे, ललन सिंह व योगेश कंवर सक्रिय रहे।

## जीवन नंबरों का खेल नहीं, रिजल्ट को स्वीकार करें

मुरादाबाद- जीवन नंबरों का खेल नहीं, परीक्षा के बाद जो रिजल्ट आए उसे स्वीकार करें। क्योंकि यह जीवन का पड़ाव है, अंत नहीं। कम नंबर से जिंदगी का लक्ष्य नहीं बदलता, अपनी पिछली कमियों को दूर कर मंजिल के लिए निरंतर आगे बढ़ें, यही जीवन का मूल मंत्र है। यह संदेश जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह का है। वह कहते हैं कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं हों या कोई अन्य प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा इसमें लक्ष्य भेदने का जज्बा रखें, कोई जरूरी नहीं कि पहला तीर निशाने पर न लगा तो लक्ष्य हासिल नहीं होगा। फिर कोशिश करें और मंजिल पाएं। परीक्षाओं में नंबर महत्वपूर्ण है लेकिन इतना भी नहीं कि वह जिंदगी पर भारी पड़ जाए। खुद के पढ़ाई का दौर याद करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पढ़ाई में वह हमेशा औसत छात्र रहे। न बहुत मेधावी और न डिफॉल्टर। लेकिन जीवन में कुछ बनना है, इसके प्रति दृढ़ निश्चय रहा। एकेडमिक स्तर पर हाईस्कूल में 75 प्रतिशत कम मिले, लेकिन इस पर अफसोस करने की बजाय अपने पथ पर बढ़ते रहे। मेहनत



कर जीवन में मिल रहे अनुभवों और गुरु की शिक्षा और परिवार के संबल से अपनी मंजिल को पाने में लगे रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि हर बच्चे में कुछ खास होता है। अभिभावक और शिक्षक उसे पहचानें और निखारने में बच्चों को प्रेरित करें। क्योंकि समाज में यदि सभी इंजीनियर, चिकित्सक या आईएएस ही बन जाएंगे तो बाकी कार्य कैसे होगा। चिकित्सक की सार्थकता तभी है जब मरीज हों। इसलिए किसी भी स्थिति में निराश हुए बिना आगे बढ़ें। खुद को आप ही बेहतर जानते हैं उस अनुरूप अपनी शिक्षा पर फोकस करें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीख लें विद्यार्थी

किसी भी माध्यम के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए जिलाधिकारी का संदेश है कि पढ़ाई में मानसिक तनाव लेने की बजाय अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें। वह कहते हैं कि कम नंबर या औसत परिणाम आने पर निराश होने की बजाय इसे एक अनुभव के रूप में लें। मानसिक दृढ़ता रखें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि वह ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थी नहीं रहे लेकिन अपने अनुभव, ज्ञान, जानकारी और दक्षता से आज विश्व के सफल राजनेता हैं।

### असफलता भी जीवन में देती है तजुर्बा

जिलाधिकारी का कहना है कि यदि अपनी मंजिल की तरफ बढ़ने में कभी असफलता भी मिले तो निराश न हो, बल्कि चिंतन करें। यह एक तजुर्बा (अनुभव) है। जो बताता है कि पिछले प्रयास में कुछ कमी रह गई होगी। उसे पहचाने और मंजिल पाने के लिए आगे बढ़ें। यदि निश्चय दृढ़ होगा तो आपकी मंजिल और सफलता निश्चित हासिल होगी।

## एक दिवसीय स्किल बिल्डिंग पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा-रिठौरा।खंडेलवाल कॉलेज के कंप्यूटर संकाय द्वारा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों हित में एक सुप्रसिद्ध कंप्यूटर कंपनी एडयूनेट फाउन्डेशन के कुशल प्रशिक्षण में वैभव चोपड़ा एवं शमी अहमद द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत की जरूरतें एवं उनके लिए कैंडीडेट का तैयार करना उसे स्किलिंग एवं अपने गुण विकसित करने के लिए इंटरशिप बूटकैम्प के अतिरिक्त अन्य संबंधित प्रोग्राम विद्यार्थियों के बायोडाटा को प्रभावी एवं लाभकारी बनाने में सहायक होते हैं

जिसमें विद्यार्थी सही तरीके से इंटरव्यू फेस कर पाते हैं और अच्छा कैरियर बना कर अच्छे से अच्छा प्लेसमेंट हासिल कर सकें। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक डाक्टर विनय खण्डेलवाल ने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी, सार्थक एवं दूरगामी परिणाम वाला बताया। संकाय कोऑर्डिनेटर रजत कपूर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रिठौरा में चार सौ पच्चीस लोगों को दो-दो लाख से किया मुचलका पाबंद

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। रिठौरा।नगर पंचायत चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस ने शुक्रवार तक 450 खुरापातियों को चिन्हित कर दो-दो लाख से पाबंद किया है। चौकी प्रभारी संदीप बालियान ने बताया सरकार की मंशा के अनुसार चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण करवाना हमारी प्राथमिकता है।किसी ने? भी चुनाव में खुराफ़ात करने की कोशिश की तो उसे सीधे जेल भेजा जाएगा।

## जल्द ही जिले को मिलेंगे पांच नए हेल्थ एटीएम

निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद को जल्द ही पांच नए हैल्थ एटीएम मिलने वाले हैं, जिन्हें स्थापित कराने की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग जुट गया है। सीएमओ डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आने वाले हैल्थ एटीएम लगाने को स्थान का चयन कर लिया गया है। सीएमओ ने बताया कि एक-दो दिन में पांच हैल्थ एटीएम आने वाले हैं। इन हैल्थ एटीएम को सकीट, जैथरा, बागवाला, मारहरा, अर्बन पीएचसी पर लगाने की तैयारी है। हैल्थ एटीएम लगने से लोगों को जांच कराने में आसानी होगी। हैल्थ एटीएम से जांच कराने से लोगों को जल्द परिणाम मिल सकेंगे। इसके लिए हैल्थ एटीएम पर एक फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य कार्यकर्ता जांच की जानकारी देने को मौजूद रहेगा। सीएमओ



ने बताया कि हैल्थ एटीएम से होने वाली जांच का डाटा ऑनलाइन शासन को भेजा जाएगा।

जिले में 20 हैल्थ एटीएम लगाये जाने की योजना सीएमओ ने बताया कि जनपद में 20 हैल्थ एटीएम लगाये जाने की योजना है। जनप्रतिनिधियों की ओर से दिए गए इन हैल्थ एटीएम को सीएचसी, पीएचसी पर स्थापित कराया जाएगा। उसके बाद लोगों को जनपद में कहीं भी जांच कराने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि हैल्थ एटीएम से 50 से 55 प्रकार की जांच की जाती है।

### वर्तमान में जिले में दो हैल्थ एटीएम सक्रिय

सीएमओ ने बताया कि जनपद में वर्तमान में दो हैल्थ एटीएम सक्रिय है, जिसमें से एक अर्बन पीएचसी मंडी समिति और दूसरा सीएचसी चुरथरा पर लगा है। जहां पर प्रतिदिन जांच कराकर लोग उसका लाभ ले रहे हैं।

## आज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा। थाना हाफिजगंज के गांव लभेड़ा उर्फ़ बुलंद और खाईखेड़ा के बीच बन रहे टोल प्लाजा के निकट बीती रात्रि वाइक सवार असलम पुत्र जाहिद 40 गोल मार्केट हाफिजगंज को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी संदीप बालियान कान्स्टेबल सुधीर कुमार दीपक भदौरिया के साथ शव कब्जे में पंचायतनामा भरकर जिला मुख्यालय भिजवाया।

## विवेचना में सहयोग करने हेतु 41 (1) सीआरपीसी के अंतर्गत नोटिस चस्पा किए गए



निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में पुलिस ने आज मुकदम्मा अपराध संख्या 118/2023 धारा 370, 352,354,504,506 आईपीसी में अभियुक्त गण सुबोध पुत्र रामेश्वर सिंह एवं प्रमोद पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर एटा शहर के मकान पर विवेचना में सहयोग करने हेतु 41 (1) सीआरपीसी के अंतर्गत नोटिस चस्पा किए गए है,

मुकदम्मे में बयांन देने के लिए सभी अभियुक्त गण सुबोध पुत्र रामेश्वर सिंह एवं प्रमोद पुत्र रामेश्वर सिंह को विवेचना में थाने में अपना बयांन देने को बुलाया गया है

## बिल जमा नहीं किया तो गुल हो जाएगी बत्ती

निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डीवीवीएनएल अधिकारी शहर में बिजली चोरी रोकने के साथ शतप्रतिशत राजस्व वसूली करने को लेकर योजना बना चुके हैं। अब जल्द ही शहर में इस निति पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। बुधवार को विद्युत वितरण नगरीय एक्सईएन जीसीएल भटनागर ने बताया कि शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए प्रतिदिन यह अभियान मुख्य मार्गों की अपेक्षा तंग गलियों में प्राथमिकता से चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान प्रतिदिन 15 से 20 बिजली चोर रंगे हाथों पकड़े जा रहे है।

उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जा रहे हैं। चेकिंग अभियान चलाए जाने से शहर में बिजली चोरी का ग्राफ पिछले पांच माह के अंदर 33 फीसदी तक गिर गया है। वर्तमान में शहर का मासिक



लाइन लॉस 12 फीसदी बना हुआ है। बकाया बिल कम हो या

ज्यादा समान रुप से की जाएगी कार्रवाई एटा। बुधवार को विद्युत वितरण नगरीय एक्सईएन ने बताया कि राजस्व वसूली शतप्रतिशत करने को लेकर आगमी माह में अंतिम तिथि तक बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काट दी जाएगी। वह उपभोक्ता छोटा या फिर बकाएदार हो, सभी पर समान रुप से कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी रोकने के लिए इन फीडरों पर अपग्रेड होगा इंफ्रास्ट्रक्चर

एटा। एक्सईएन ने बताया कि शहर के लालगढ़ी फीडर, शीतलपुर फीडर, शिकोहाबाद रोड फीडर, सिटी-2 फीडर, किदवई नगर फीडर, पटियाली गेट फीडर सहित अन्य हाईलॉस वाले सभी फीडरों पर रिवेंप योजना के तहत जल्द ही लाइन को बदलवाया जाएगा। एबी केबिल के अलावा उपभोक्ताओं के मीडरों में लगी केबिलें भी बदलकर आरमर्ड में तब्दील की जाएगी।

## पीएसी कर्मी पर दहेज में 25 लाख व कार मांगने का आरोप,रिश्ते से पहले संबंध बना शादी से इनकार

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जैथरा -शादी से पहले लड़के ने शारीरिक संबंध बनाए। सरकारी नौकरी लगने के बाद दहेज की मांग की। न देने पर शादी करने से इनकार कर दिया। काफी समझाने के बाद भी लड़का पक्ष नहीं माना है। पीड़िता ने लड़के, पिता व अन्य घरवालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। लड़का पीएसी कर्मी बताया जा रहा है। थाना जैथरा के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शादी राहुल पुत्र भोजराज निवासी कनौजा थाना खानपुर बुलंदशहर के साथ तय हुई थी। आरोप है कि दो मार्च को लड़का राहुल, इसके मां-बाप, बहन-बहनोई देखने आएं थे। रात होने पर सभी घर पर ही रुक गए। आरोप है लड़की कमरे में अकेली सो रही थी। इस दौरान राहुल आ गया और मना करने के बाद भी शारीरिक संबंध बनाए। 17 अप्रैल को पिता लड़के के घर पहुंचे। दहेज में 25 लाख व कार की मांग करने लगे। पिता ने असमर्थता जताई। लड़के पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता के अनुसार लड़का पीएसी में है। पीड़िता की तहरीर पर जैथरा पुलिस ने राहुल, उसके माता-पिता और बहन-बहनोई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। मामले की तहरीर मिल गई। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। तहरीर के अनुसार लड़का पीएसी में बताया जा रहा है। विवेचना में स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी।-रामेंद्र शुक्ला, एसएचओ जैथरा एटा

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्री मंडल की तरफ़ से पंजाब के लोगों को बड़ी राहत , जमीन-संपत्ति की रजिस्ट्रेशन के लिए स्टांप डियूटी और फ़ीस में छूट की तारीख 15 मई तक बढ़ाई

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - राज्य के लोगों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्री मंडल ने आज ज़मीन- संपत्ति के रजिस्ट्रेशन पर लगने वाली स्टैंप ड्यूटी और फ़ीस में 2.25 प्रतिशत छूट देने के समय को बढ़ा कर 15 मई कर दिया है। स्थानीय सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्री मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने व्यापक जनहित में 15 मई तक जमीन/संपत्ति का रजिस्ट्रेशन करवाने वालों को स्टैंप ड्यूटी और फीस में 2.25 प्रतिशत की छूट देने की मंज़ूरी दी है।रजिस्टरी करवाने वालों से एक प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क, एक प्रतिशत पीआईडीबी शुल्क और 0.25 प्रतिशत विशेष शुल्क में छूट दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इस योजना को पहले 31 मार्च तक लागू किया था और लोगों का भारी समर्थन मिलने के बाद इसे 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया था और अब इस तिथि को बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया है। कैबिनेट ने जनहित में ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशाला ( आयुर्वेद ) में 7 पदों के सृजन को मंज़ूरी दी है।इन पदों पर भर्ती से लैब के कामकाज में सुविधा होगी जिससे आम लोगों को फ़ायदा होगा और आयुर्वेदिक दवाओं के निरंतर परीक्षण में वृद्धि होगी जिससे राज्य सरकार के आयुर्वेदिक अस्पतालों, औषधालयों और अन्य को दवाओं की आपूर्ति की जा सकेगी। इस कदम से राज्य में आयुर्वेदिक दवाओं की गुणवत्ता और शुद्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। कैबिनेट ने पर्यावरण में सुधार लाने,गिरते भू-जल स्तर को रोकने, किसानों को गेहूं-धान फसल चक्र से बाहर निकालने और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के उद्देश्य से विशेषज्ञों की सेवाएं लेने को हरी झंडी दी दी है।इन विशेषज्ञों की सेवाएं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंजाब द्वारा प्राप्त की जाएंगी ताकि राज्य के किसानों के हित में अन्य आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

# फसल पालने के लिए खून-पसीना बहाकर काम करने वाले मजदूर वर्ग को होगा लाभ

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - मजदूर दिवस ( 1 मई ) पर श्रमिक वर्ग को तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक आपदाओं से खराब हुई फसलों के कुल मुआवजे पर 10 प्रतिशत मुआवजा कृषि श्रमिकों को देने की घोषणा की है। यह निर्णय आज यहां सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में लिया गया। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया कि इस प्रमुख उद्देश्य उन खेत मजदूरों की मदद करना है जो प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हुए इस तरह के मुआवजे से वंचित रह जाते है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ-साथ खेत मजदूरों को भी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।भगवंत मान ने कहा कि 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की यह सौगात पूरे मजदूर वर्ग के लिए है जो फसल उगाने के लिए खेतों में अपना खून-पसीना बहाते है। कैदियों की अग्रिम रिहाई के मामले भेजने की अनुमति- कैबिनेट ने प्रदेश की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे छह बंदियों की जल्द रिहाई के लिए केस भेजने को मंजूरी दे दी है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत कैबिनेट की मंजूरी के बाद, विशेष माफी/जल्दी रिहाई के मामलों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत विचार/स्वीकृति के लिए पंजाब के राज्यपाल को भेजा जाएगा। इसी प्रकार, भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे %आजादी का महोत्सव% के दूसरे चरण के रूप में कैबिनेट ने राज्य की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों की शीघ्र रिहाई को मंज़ूरी दे दी है। श्रेणी-6 के अंतर्गत आने वाले 14 बंदियों को भेजने की अनुमति दी गई है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत कैबिनेट की मंजूरी के बाद, विशेष माफी/जल्दी रिहाई के मामलों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत विचार/स्वीकृति के लिए पंजाब के राज्यपाल को भेजा जाएगा।

# हवन यज्ञ के साथ भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्थानीय निकाय चुनाव की सरगर्मियां दिन प्रतिदिन अपने शबाब पर पहुंच रही हैं ! आज शुक्रवार को एटा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार श्रीमती सुधा गुप्ता के मुख्य चुनाव कार्यालय का भव्य उदघाटन हवन यज्ञ की धार्मिक रीतियों के अनुरूप जी.टी. रोड स्थित फरूखाबाद वाली धर्मशाला में किया गया ! इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन , पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा , सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड , प्रत्याशी पति पंकज गुप्ता एड. , हरेन्द्र राजपूत आदि अनेकों भाजपाई मौजूद रहे !

# राकेश गांधी ऑटो, ई-रिक्शा के जरिए कर रहे प्रचार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-निकाय चुनाव-लगातार दो बार एटा नगरपालिका पर जीत का स्वाद चखने वाले पूर्व चेयरमैन राकेश गांधी के सामने इसबार भाजपा ने मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतारा है। लेकिन फिर भी राकेश गांधी चुनावी टक्कर में हैं क्योंकि इस सीट पर टक्कर भाजपा को सीधे-सीधे राकेश गांधी से लेने पड़ेगी, जहां समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारा है तो वहीं बसपा उम्मीदवार मैदान छोड़कर बीजेपी खेमें में जा मिला है ऐसे में जिस प्रत्याशी का जातीय गणित ठीक बैठ गया वो ही इसबार जीत का स्वाद चख सकेगा। जहां सपा से मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में होने से राकेश गांधी का मुस्लिम वोटर दूर होता दिख रहा है तो वहीं सपा से बड़ी संख्या में यादव वोटर सपा से किनारा करते हुए गांधी की तरफ जाता दिख रहा है। कल बसपा प्रत्याशी के अचानक भाजपा का दामन थामने के बाद से अब सपा-भाजपा और राकेश गांधी के लिए बसपा वोटर बड़ी चुनौती होंगे और जिधर बसपा वोटर रुख करता है उसकी जीत निश्चित हैं हालांकि बसपा का कट्टर वोटर सपा से दूरी बनाएगा ऐसे में यह वोट या तो निर्दलीय प्रत्याशी राकेश गांधी को फायदा पहुंचाएगा या फिर बिखराव की स्थिति में कुछ भाजपा में भी जा सकता है। हालांकि राकेश गांधी अब अपने वोटरों को रिझाने के लिए पैंतरे बाजी पर उतर आए हैं लग्जरी गाड़ी को घर में खड़ा करके ऑटो और ई-रिक्शा के जरिए लोगों से जनसम्पर्क कर रहे हैं अब जनता इस टोटके के वश में आती है या नहीं यह मतदाता तय करेंगे।

# सांसद संजीव अरोड़ा का राज्यसभा में प्रथम वर्ष

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - राज्यसभा सदस्य के रूप में अपना प्रथम वर्ष पूरा होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा, पहला साल उपलब्धियों और निराशाओं का अनुभव रहा है। हालांकि, सबसे बड़ी निराशा संसद में बहस के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाना है। संजीव अरोड़ा ने 21 मार्च, 2022 को लुधियाना से `आप उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। उन्हें निर्विरोध चुना गया और 10 अप्रैल, 2022 को अधिसूचना जारी की गई। शपथ 2 मई, 2022 को ली गई। उच्च सदन में अपने प्रदर्शन पर उन्होंने कहा, 卐व्यवधानों के बावजूद मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। 78त्न के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले मेरी उपस्थिति 81त्न थी और 45.29 के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले 73 सवालों के जवाब मिले। संजीव अरोड़ा ने जिन प्रमुख मुद्दों को उठाया, वे सस्ती स्वास्थ्य देखभाल, किसान, नागरिक उड्डयन, एनएचएआई, कपड़ा उद्योग, रेलवे और कई अन्य से संबंधित थे। अपनी उपलब्धियों के बारे में बताते हुए अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने कैबिनेट मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, ज्योति राजे सिंधिया, मनसुख एल मंडाविया, अनुराग ठाकुर, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की। उन्होंने कहा, इन बैठकों के दौरान, मैंने सभी माननीय केंद्रीय मंत्रियों के साथ राज्य और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाया। संजीव अरोड़ा ने कहा, 卐यह सब पंजाब के सीएम श्री भगवंत मान के मार्गदर्शन और केंद्रीय और राज्य मंत्रियों, मेरे सहयोगियों, टीम के सदस्यों और लुधियाना निवासियों, संगठनों और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समग्र विकास और शहर में सकारात्मक बदलाव लाने और लुधियाना के नागरिकों के कल्याण और बेहतरी के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियां उन्हें और अधिक उत्साह और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

# केन्द्रिय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्म दिन पर मरीजों को किया फल वितरण

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- शुक्रवार को अपना दल के जिला सदस्यता प्रभारी रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य के नेत्रत्व में पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में केन्द्रिय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्म दिन पर स्वशासी मेडीकल कालेज पहुंचकर सर्जीकल वार्ड व एन.आर.सी. में भर्ती मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए फलो का वितरण कर जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया ! इस अवसर पर कार्यवाहक सी एम.एस. डा. ए.वी. सिहं सहित विपिन कुमार प्रधान प्रदेश सचिव, सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जनपद स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि पात्र लाभार्थियों का परीक्षण न्याय पंचायत वार नामित नोडल अधिकारियों से कराने की कार्यवाही की जाय, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति व्यक्तिगत शौचालय से वंचित न रहने पाए। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को भी धरातल पर उतारकर हर पात्रजनों को शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाए और यह भी ध्यान रखा जाए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी गरीब, बेसहारा व असहाय व्यक्ति वंचित न रहने पाये। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण ) अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, जियो-टैग एवं लाभार्थियों को धनराशि हस्तान्तरित करने, सामुदायिक शौचालय के देखरेख हेतु नियुक्त केयर टेकर के मानदेय भुगतान एवं रख-रखाव, जनपद के चयनित 15 ग्रामों को मॉडल बनाये जाने, आर0आर0सी0, वर्मी शेड के संचालन, वित्तीय वर्ष 2022-23 में ओ0डी0एफ0 प्लस हेतु चयनित ग्रामों में नियोजित कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु राज्य स्तर से चयनित जनपद के कुल-190 ग्राम पंचायतों के 217 राजस्व ग्रामों के ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना निर्माण, गोवर्धन योजना की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण ) अन्तर्गत जनपद की वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन एवं अन्य बिन्दु पर चर्चा की गई।

स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण ) फेज-2 अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित 69 ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कार्य को पूर्ण कराते हुए निर्गत क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष नियमानुसार शत-प्रतिशत भुगतान की कार्यवाही मई, 2023 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास, अधिशासी अभियंता जल निगम एस0एम0 असजद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी, हरिगेन्द्र वर्मा सहित कमेटी की सदस्यगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दो शातिर अपराधियों पर हुई गौंगस्टर की कार्यवाही



अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1.कलीम खान पुत्र गुलाम रसूल नि0 ग्राम कटवा दा0 इमलिया करनपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 2.आशिक जिलानी पुत्र खलील अहमद नि0 ग्राम चहलवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है, जिसका गैंग लीडर कलीम खान व सक्रीय सदस्य आशिक जिलानी है । अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक,भौतिक एवं लाभ हेतु जनता के लोगों को विदेश भेजनें व वीजा बनवानें के नाम पर छल कपट व कूटरचना कर आर्थिक लाभ प्राप्त करनें जैसी गम्भीर घटनाए कारित की जाती रही है।

# शुद्ध पेयजल को तरस रहे ग्रामीण

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जनपद के विकास क्षेत्र जमुनहा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरनियां में लगी पानी टंकी के सपना देखने के बराबर है। आज भी 16 मजरों में तीन माह से छेदीपुरवा , सुबरातीपुरवा, बरगदही, लम्बुइया ,मंशापुरवा,पसियनपुरवा, बादलपुरवा , टेड़वा पिपरहवा सहित गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा है। वर्ष 2018-19 में देवरनियां पानी टंकी का निर्माण जलनिगम श्रावस्ती ने ठेकेदार से बनवाकर आधा अधूरा बनाकर खड़ा कराके ग्रामपंचायत को हैंड ओवर कर दिया।

जबकि एक पम्प हाउस बनाकर खड़ा करके बिना चालू किए ही गांव में घटिया पाइप लाइन से पानी देने का कार्य शुरू कर दिया गया। जबकि हर दिन गांव में पाइप लाइन चोक होने लगी और घरों के सामने लगी पानी आना जाना बंद होता रहा है।एक आध बार ग्राम प्रधान जाकिर खां ने लीकेज को सही करवा कर किसी तरह गांव में पानी चालू करवा दिया किन्तु आए दिन लीकेज बढ़ने लगी तो प्रधान ने पैसा का अभाव दिखाकर लीकेज ठीक कराने का काम बंद कर दिया। आज भी देवरनियां के चार गांव में पानी चल रहा है ,जबकि एक दर्जन गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री जी के हरघर जल पहुंचने के सपने जलनिगमविभाग के अधिकारी साकार नहीं होने दे रहे हैं।